आरईसी REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

REC Limited | आर ई सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम) / (A Government of India Enterprise)
Regd. Office: Core-4, SCOPE Complex, 7, Lodhi Road, New Delhi - 110003
Corporate Office: REC World Headquarters, Plot No. I-4, Near IFFCO Chowk Metro Station, Sector-29, Gurugram - 122001 (Haryana)
Tel: +91 124 444 1300 | Website: www.recindia.com
CIN : L40101DL1969GOI005095 | GST No.: 06AAACR4512R3Z3

SEC-1/187(2)/2022/ 802 **Dated: July 11, 2022**

लिस्टिंग विभाग, **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड** **एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),** **मुंबई - ४०० ०५१**	**कॉर्पोरेट संबंध विभाग** **बीएसई लिमिटेड** **पहली मंजिल, फीरोज जीजीभोय टावर्स** **दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - ४०० ००१**
स्क्रिप कोड—RECLTD	**स्क्रिप कोड—532955**
Listing Department, National Stock Exchange of India Limited Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), **Mumbai – 400 051.**	**Corporate Relationship Department** BSE Limited 1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers Dalal Street, Fort, **Mumbai – 400 001.**

विषय/Sub: ***पोस्टल बैलेट की सूचना और आरईसी लिमिटेड की रिमोट ई-वोटिंग सूचना के संबंध में समाचार पत्रों की प्रतियां. /*** **Submission of Newspaper Clipping in respect of Notice of Postal Ballot & Remote e-voting information of REC Limited.**

महोदय / महोदया,

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसरण में, हम शनिवार, जुलाई 9, 2022 को बिजनेस स्टैंडर्ड (अंग्रेजी) और 'बिजनेस स्टैंडर्ड (हिंदी) अखबारों में प्रकाशित कंपनी की पोस्टल बैलेट और रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित सूचना की प्रतियां अग्रेषित कर रहे हैं।

In pursuance of Regulations 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, we are forwarding herewith copies of newspaper clippings relating to Notice of Postal Ballot & Remote e-voting information of the Company published in 'Business Standard' (English) and 'Business Standard' (Hindi) edition of the newspapers on Saturday, July 9, 2022.

यह आपकी जानकारी के लिए है। This is for your kind information.

धन्यवाद,

भवदीय,

(जे. एस. अमिताभ)
कार्यकारी निदेशक और कंपनी सचिव

संलग्न : ए / ए

Published in Business Standard (English) on 09.07.2022

आरईसी REC

REC Limited (A Government of India Enterprise)
CIN: L40101DL1969GOI005095 | GST: 06AAACR4512R3Z3

NOTICE OF POSTAL BALLOT & REMOTE E-VOTING

Notice is hereby given that pursuant to Section 108, 110 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Secretarial Standards issued by ICSI on General Meetings ("SS-2") (including any statutory amendment(s), modification(s) or re-enactment(s) thereof, for the time being in [illegible] read with General

Published in Business Standard (Hindi) on 09.07.2022

आरईसी लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम)

सीआईएन: L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी: 06AAACR4512R3Z3

पोस्टल बैलेट और रिमोट ई-वोटिंग की सूचना

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 और 22 के साथ पठित कपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, कॉरपोरेट कार्य मत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020 और 5 मई 2022 के सामान्य परिपत्रों के साथ पठित सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44, सामान्य बैठकों ("एसएस-2") पर आईसीएसआई द्वारा जारी सचिवीय मानक (किसी भी वैधानिक संशोधन (संशोधनों), आशोधन (आशोधनों) या इस संबंध में किसी भी पुन: अधिनियमन जो इस समय प्रभावी हो, सहित) के अनुसरण में एतद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी, दिनांक 8 जुलाई 2022, के पोस्टल बैलेट सूचना में उल्लिखित निम्नलिखित सामान्य प्रस्तावों को रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से पारित करने के लिए अपने सदस्यों के अनुमोदन की इच्छुक है।

मद सख्या 1	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में श्री विवेक कुमार देवांगन (डीआईएन: 01377212) की नियुक्ति।
मद सख्या 2	आरक्षित निधि का पूजीकरण करना और कंपनी के शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी करना।

सदस्यों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि:-

1. रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से वोट डालने के लिए सदस्यों की पात्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य के लिए कट-ऑफ तिथि मंगलवार, 05 जुलाई, 2022 है। शेयरधारकों को ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए कंपनी, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएं ले रही है।

2. जिन सदस्यों के नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर मे दर्ज होंगे, वे ही रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे। कोई व्यक्ति, जो कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, यह इस सूचना को सिर्फ सूचनार्थ समझे।

3. उपर्युक्त प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी ने 8 जुलाई, 2022, को सिर्फ ई-मेल के माध्यम से उन शेयरधारकों को पोस्टल बैलेट की सूचना भेजी है, जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी के पास दर्ज है और जिनके नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों का रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हैं। इसके अलावा, इस पोस्टल बैलेट के लिए सदस्यों को व्याख्यात्मक विवरण और पोस्टल बैलेट फॉर्म के साथ नोटिस की भौतिक प्रति नहीं भेजी गई है। इसलिए, सदस्यों को अपनी सहमति/असहमति का संप्रेषण सिर्फ रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से करना है।

4. रिमोट ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, 11 जुलाई, 2022 को (0900 बजे) से शुरू होकर मंगलवार, 09 अगस्त, 2022 को (1700 बजे) समाप्त होगी। इसके बाद रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी संकल्प पर वोट डालने के बाद, उन्हें बाद में इसे बदलने या फिर से वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया/निर्देश पोस्टल बैलेट सूचना की टिप्पणियों में निर्दिष्ट हैं।

5. कंपनी के निदेशक मंडल ने इस पोस्टल बैलेट प्रक्रिया के सम्पन्न कराने के लिए हेमंत सिंह एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज से सीएस हेमंत कुमार सिंह (एफसीएस 6033) को स्क्रूटिनाइजर के रूप में नियुक्त किया है।

6. पूर्वोक्त सूचना व्याख्यात्मक विवरण के साथ कंपनी की वेबसाइट www.recindia.nic.in ई-वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर उपलब्ध है। वे सदस्य, जिनकी ई-मेल आईडी दर्ज नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से डालने के लिए उपरोक्त वेबसाइटों पर उपलब्ध पोस्टल बैलेट सूचना की टिप्पणियों में उल्लिखित प्रक्रिया का संदर्भ ले सकते है।

7. इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि ये संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास और भौतिक रूप में धारित शेयरों के मामले मे, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रासफर एजेंट (कंपनी के आर एंड टीए) यानी केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की ईमेल आईडी einward.ris@kfintech.com पर ईमेल से अनुरोध भेजकर और इसकी एक प्रति complianceofficer@recl.in को ईमेल करके, अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत/अपडेट कर लें।

8. किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका का संदर्भ ले सकते हैं या पोस्टल बैलेट सूचना में यथा उल्लिखित निर्देशों का देख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800-1020-990 या 1800-22-44-30 पर बात कर सकते हैं या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, एनएसडीएल से evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध कर सकते हैं। सदस्य कंपनी सचिव से ई-मेल complianceofficer@recl.in पर भी अनुरोध कर सकते हैं।

9. पोस्टल बैलेट के परिणाम स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट के साथ गुरुवार, 11 अगस्त, 2022 को या इससे पहले कंपनी की वेबसाइट यानी www.recindia.nic.in पर और ई-वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट यानी www.evoting.nsdl.com पर घोषित कर दिए जाएंगे। इसके अलावा, परिणाम एक साथ स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित किए जाएंगे।

कृते आरईसी लिमिटेड

ह/-

(जे.एस. अमिताभ)

ईडी एवं कंपनी सचिव

स्थान: गुरुग्राम

दिनांक: 8 जलाई 2022